पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने कुलपति सम्मेलन की अध्यक्षता की
शिक्षा की उत्तरोत्तर गुणवत्ता हेतु कुलपति सम्मेलन के निर्णयों का अनुपालन गम्भीरता से सुनिश्चित किया जाए: श्री नाईक

लखनऊः 30 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय श्री राम नाईक ने आज बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी में कुलपति सम्मेलन की अध्यक्षता की। राज्यपाल ने कुलपतिगणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में सम्पन्न हो रही चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। शिक्षा की उत्तरोत्तर गुणवत्ता हेतु कुलपति सम्मेलन में लिए गये निर्णयों का अनुपालन पूरी गम्भीरता के साथ सुनिश्चित किया जाए। शैक्षिक सत्र पूर्ण करते हुए परीक्षाओं के समापन के बाद परीक्षा परिणाम समय से घोषित किये जाएं। विश्वविद्यालयों में शोध हेतु प्रयोगशालाएं अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मानकों के अनुरुप हों। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति सम्मेलन के कार्यक्रमों के आयोजन से वहां की आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं उनके रखरखाव में सुधार देखने को मिलना एक सुखद अनुभूति है।

राज्यपाल ने कहा कि शैक्षिक सत्र 2015-16 में संचालित 25 राज्य विश्वविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थाओं में से 22 के दीक्षान्त समारोह में भारतीय एवं आंचलिक वेषभूषा में विद्यार्थियों को उपाधियाँ वितरित की गयी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को विभिन्न पदकों से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर कुलाधिपति की अनुमोदित फोटो एवं बायोडाटा को अभी तक अद्यतन संशोधित नहीं किया गया है। इसके अलावा कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा राजभवन से सन्दर्भित पत्रों के ससमय निस्तारण हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी भी नामित नहीं किया गया है। कुलपतिगण द्वारा विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय कर्मियों तथा जनमानस की समस्याओं के निराकरण हेतु समय/दिवसों का निर्धारण का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुलपति सम्मेलनों में लिए गये निर्णयानुसार विभिन्न उददेश्यों के निमित्त गठित समितियों द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है।

राज्यपाल ने कुलपतिगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में एक कुलपति एवं एक कुलसचिव को निलम्बित किया गया है, जिसकी जांच प्रचलन में है। कुलपतिगण पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्ठा से अपने कार्यो का निर्वहन करें। विश्वविद्यालयों में नीति नियोजन में छात्रों के पक्ष को भी दृष्टिगत रखने के उददेश्य से छात्रसंघ चुनाव महत्वपूर्ण है। गत वर्ष डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न हुए। विश्वविद्यालय छात्रसंघ के चुनाव लिंगदोह कमेटी की संस्तुतियों एवं छात्रसंघ चुनाव के संबंध में निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए शैक्षिक सत्र के प्रारम्भिक माहों में ही सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। राज्यपाल ने शोध कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उच्च-स्तरीय शोध हेतु वातावरण निर्मित हो। उन्होंने कहा कि नव नियोजित ''चांसलर अवार्ड'' हेतु निर्धारित मानकों में शोध तथा शोध के माध्यम से विकसित तकनीकों का प्रसार माध्यम से समाज को लाभ पहुंचे इस उददेश्य के लिए भी अंक निर्धारित किये गये है।

कुलपति सम्मेलन में राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो0 सुरेन्द्र दुबे ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके पूर्व राज्यपाल को गार्ड आफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम के उपरान्त कुलाधिपति ने पत्रकार वार्ता भी की।

अंजुम/ललित/राजभवन (268/38)

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी
श्रीयुत राम नाईक
माननीय कुलाधिपति जी एवं श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
की अध्यक्षता में